प्रधानमंत्री ने जबलपुर में 12,600 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में 12,600 करोड़ रुपए से अधिक की सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल जैसे क्षेत्रों की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रधानमंत्री ने रानी दुर्गावती के 500वें जन्म शताब्दी समारोह के अनुरूप जबलपुर में 'वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' का भूमिपूजन किया।
- जबलपुर में लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला 'वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' लगभग 21 एकड़ क्षेत्र में विस्तृत होगा। इसमें रानी दुर्गावती की 52 फुट ऊँची काँस्य प्रतिमा प्रदर्शित की जाएगी।
- इस परिसर में रानी दुर्गावती की वीरता और साहस सहित गोंडवाना क्षेत्र के इतिहास को दिखाने वाला एक शानदार संग्रहालय होगा। यह गोंड लोगों और अन्य जनजातीय समुदायों के खान-पान, कला, संस्कृति, रहन-सहन आदि पर भी प्रकाश डालेगा।
- 'वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' के परिसर में औषधीय पौधों के लिये एक उद्यान, एक कैक्टस उद्यान और रॉक गार्डन सहित कई पार्क एवं उद्यान मौजूद होंगे।
- उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती 16वीं शताब्दी के मध्य में गोंडवाना की शासिका थीं। उन्हें एक बहादुर, निडर और साहसी योद्धा के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ आज़ादी की लड़ाई लड़ी थी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत लगभग 128 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट से 1000 से अधिक लाभार्थी परिवारों को फायदा होगा। लेकिन गुणवत्तापूर्ण घर बनाने की इस परियोजना में अभिनव प्रौद्योगिकी, 'पूर्व-तकनीक आधारित इस्पात संरचना प्रणाली के साथ प्रीफैब्रिकेटेड सैंडविच पैनल सिस्टम' का उपयोग किया गया है। इस अभिनव प्रौद्योगिकी से काफी कम समय में सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ आवास निर्मित किये जाते हैं।
- प्रत्येक परिवार को नल से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने लिये मंडला, जबलपुर और डिंडोरी ज़िलों में 2350 करोड़ रुपए से अधिक लागत की कई जल जीवन मिशन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री ने सिवनी ज़िले में भी 100 करोड़ रुपए से अधिक की जल जीवन मिशन परियोजना का लोकार्पण किया। राज्य के चार ज़िलों की इन परियोजनाओं से मध्य प्रदेश के लगभग 1575 गाँवों को लाभ होगा।
- प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में सड़क अवसंरचना में सुधार के लिये 4800 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- प्रधानमंत्री ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिनमें शामिल हैं - एनएच 346 के झरखेड़ा-बैरसिया-ढोलखेड़ी को जोड़ने वाली सड़क का उन्नयन; एनएच 543 के बालाघाट-गोंडिया खंड का चार लेन में उन्नयन; रूढ़ी और देशगाँव को जोड़ने वाले खंडवा बाईपास को चार लेन का बनाना; एनएच 47 के टेमागाँव से चिचोली खंड को चार लेन का बनाना; बोरेगाँव को शाहपुर से जोड़ने वाली सड़क को चार लेन का बनाना और शाहपुर को मुक्ताईनगर से जोड़ने वाली सड़क को चार लेन का बनाना। प्रधानमंत्री ने एनएच 347सी के खलघाट से सरवरदेवला को जोड़ने वाली सड़क के उन्नयन का लोकार्पण किया।
- प्रधानमंत्री ने 1850 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। इनमें कटनी-विजयसोटा (102 किमी.) और मारवासग्राम-सिंगरौली (78.50 किमी.) को जोड़ने वाली रेल लाइनों का दोहरीकरण शामिल हैं। ये दोनों परियोजनाएं कटनी-सिंगरौली खंड को जोड़ने वाली रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजना का हिस्सा हैं। इन परियोजनाओं से मध्य प्रदेश की रेल अवसंरचना में सुधार होगा, जिससे राज्य में व्यापार और पर्यटन को लाभ होगा।
- प्रधानमंत्री ने विजयपुर-औरैयां-फूलपुर पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण किया। 352 किमी लंबी पाइपलाइन 1750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित की गई है। प्रधानमंत्री ने मुंबई-नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन परियोजना के नागपुर-जबलपुर खंड (317 किमी.) की आधारशिला भी रखी। यह परियोजना 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से पूरी की जाएगी।
- गैस पाइपलाइन परियोजनाएँ उद्योगों और घरों को स्वच्छ व किफायती प्राकृतिक गैस प्रदान करेंगी और पर्यावरण में उत्सर्जन को कम करने में भी मददगार होंगी। प्रधानमंत्री ने जबलपुर में एक नए बॉटलिंग प्लांट का भी लोकार्पण किया, जो लगभग 147 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-laid-the-foundation-stone-of-development-projects-worth-more-than-rs-12,600-crore-in-jabalpur